>

Title: Alleged infiltration of Bangladeshis into India and a protest march to Kishanganj by students against the same.

m01

श्री संतोष गंगवार (बरेली): आज पूरे देश के करीब 50 हजार से अधिक नौजवान किशनगंज में विकननेक पर बंगलादेशी घुसपैठ, जो एक राष्ट्रीय संकट है, उसके विरोध में एकत्रित हुए हैं। वे वहां मार्च कर रहे हैं। उनका कहना है कि 'to save Eastern India and to save entire India tomorrow'.

अध्यक्ष महोदय, यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिस पर सदन में निरंतर चर्चा होती है। अभी दो दिन पहले आपके द्वारा इस पर चर्चा की अनुमति दी गयी थी और इस पर चर्चा भी हुई थी। आज की तारीख में करीब छः हजार घुसपैठिये रोज हमारे देश में विभिन्न स्थानों से, चाहे असम हो, पश्चिम बंगाल हो या बिहार हो, वहां से प्रवेश कर रहे हैं। एक अनुमानित आंकड़ा यह है कि तीन करोड़ से ज्यादा बंगलादेशी घुसपैठिये हमारे देश में आ चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकार द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मैं आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहूंगा। मैं चाहूंगा कि सरकार घुसपैठ रोकने के लिए ठोस उपाय करे और देश में स्थान-स्थान पर घुसपैठियों को ढूंढकर तुंत मतदाता सूची से बाहर किया जाये एवं तीव्र गति से उन्हें वापस बंगलादेश भेजने की कार्रवाई की जाये। बंगलादेश सरकार पर उपरोक्त दोनो कार्यों में सहयोगात्मक रवैया रखने के लिए दबाव बनाया जाये और मुख्य रूप से आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त घुसपैठियों को ढूंढने हेतु, चाहे धार्मिक स्थल क्यों न हों, उनकी तलाशी ली जाये और पूर्वोत्तर को जोड़ने वाले गलियारे विकननेक को घुसपैठियों से तुंत खाली कराया जाये एवं विशेष सुरक्षा क्षेत्र बनाकर उसे नियंत्रित किया जाये।

* Not recorded.

अध्यक्ष महोदय, आपके संज्ञान में है कि कल इस पर एक सवाल भी था। उस सवाल का जो उत्तर दिया गया, वह बहुत ही भ्रामक है। सरकार ने कहा कि बाड़ लगाना, तीव्र रोष्नी करना, ओवर पोस्ट लगाना आदि सारे काम करना है। मैं स्वयं कई बार त्रिपुरा, अगरतला गया हूं। मैंने देखा है कि सैंकड़ो की तादाद में वहां से बंगलादेशी लोग हमारे देश में आ रहे हैं और सरकार उन्हें रोकने में असमर्थ हो रही है। ...(व्यवधान) हम चाहेंगे कि सरकार तत्काल प्रभावी कदम उठाये।

MR. SPEAKER: The hon. Home Minister, while replying to the debate on bomb blasts in Assam, had made specific observations on this matter.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MR. SPEAKER: Shri Dharmendra Pradhan, Shri Shahnawaz Hussain, Shri Uday Singh, Dr. Prasanna Kumar Patasani, Shri Kiren Rijuju, Shri Ramswaroop Koli, Shri Lal Muni Choubey, Shrimati Sumitra Mahajan, Shri Girdhari Lal Bhargava, Prof. Rasa Singh Rawat, Shri Prahlad Joshi, Shri Ratilal Kalidas Varma and Shri B.K. Deo are associating with this matter.[MSOffice8]

...(*Interruptions*)

(u/1235/rs/rps)

MR. SPEAKER: Please give your names.